माँ झोली भर दो

लाल चुनरियां लेके मैया सारी संगत आई है
है दाती हमने तेरे , दर पे झोली फैलाई है
तेरे द्वार सवाली आ गए ....
माँ खाली झोली भर दो , माँ इच्छा पूरी कर दो

दुनियां के सब छोड़ सहारे , तुझसे लगन लगाई माँ
जग जननी शेरावाली , अब तेरी जोत जगाई माँ
तेरा दर्शन दाती पा गए..........
माँ खाली झोली भर दो , माँ इच्छा पूरी कर दो

है मन्दिरवाली जगदम्बे , अब नजर महर की कर दी ज्यो
हम सारे तेरे बालक है , माँ हाथ शीश पे धर दीजे
जो आये खाली ना गए ....
माँ खाली झोली भर दो , माँ इच्छा पूरी कर दो

तेरी महिमा बहुत सुनी हमने , दाती ना हमको ठुकराना
है करुणा माई थोड़ी करुणा , हरीश पे माँ बरसाना
भूलन भी शीश झुका गया ....
माँ खाली झोली भर दो , माँ इच्छा पूरी कर दो

माँ खाली झोली भर दो , माँ इच्छा पूरी कर दो

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15313/title/maa-jholi-bhar-do

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |